कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर

प्रशासनिक आदेश संख्या– 24 /2026 /गोरखपुर/जनवरी , 16 ,2026

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 486 दिनांकित 13.01.2026 के माध्यम से दिनांक 15.01.2026 को 'मकर संक्रान्ति' पर्व के उपलक्ष्य में अधीनस्थ न्यायालयों में अवकाश घोषित करते हुये उक्त के एवज् में कैलेण्डर वर्ष–2026 में न्यायिक कार्य हेतु किसी 'चतुर्थ शनिवार' को कार्यदिवस घोषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के अनुक्रम में निम्न आदेश पारित किये जाते हैं–

01. दिनांक 15.01.2026 को 'मकर–संक्रान्ति' पर्व के उपलक्ष्य में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर दिनांक 28.08.2026 दिन–शुक्रवार को 'रक्षाबन्धन' पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।

02. दिनांक 15.01.2026 को 'मकर–संक्रान्ति' पर्व के उपलक्ष्य में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अवकाश घोषित किये जाने के फलस्वरूप माह–मई–2026 के **चतुर्थ शनिवार दिनांक 23.05.2026** को कार्यदिवस घोषित किया जाता है। उक्त तिथि को जनपद न्यायालय, गोरखपुर एंव समस्त वाह्य स्थित न्यायालय/कार्यालय नियमित रूप से खुले रहेगें।

सभी संबन्धित सूचित हो।

R.K. Singh

(राजकुमार सिंह)
जनपद न्यायाधीश

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. वाणिज्यिक न्यायालय, गोरखपुर।
2. प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, गोरखपुर।
3. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गोरखपुर।
4. भूमि अर्जन, पुर्नवासन एवं पुर्नव्यवस्थापन प्राधिकरण, गोरखपुर।
5. सिविल जज (सी.डि.), बाह्य न्यायालय, बांसगांव, गोरखपुर।
6. समस्त न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, गोरखपुर।
7. अध्यक्ष मंत्री, बार एसोसिएशन, गोरखपुर।
8. स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
9. केन्द्रीय नजारत, नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।